तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

11 मां हिंगलाजिन मातागुड़ी का विधायक ने किया लोकार्पण

12 प्रशिक्षित स्टाफ से अंतिम छोर तक पहुंचेगी सेवाओं की...




छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

### मैदान कप प्रतियोगिता में हजारों बच्चे दिखाएंगे प्रतिभा, ग्राम छिन्दनार पहुंचकर बच्चों में ऊर्जा का संचार किया

# बस्तर की पहचान बदलेंगे सचिन, बच्चों-युवाओं को मिलेगी बेहतर खेल सुविधाएं, बनाएंगे 50 मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारत रत्न से विभूषित मास्टर ब्लास्टर सचिन तेन्दुलकर ने बुधवार को दंतेवाड़ा जिले के ग्राम छिन्दनार पहुंचकर बच्चों में ऊर्जा का संचार भर दिया। अपने एक दिवसीय प्रवास में लगभग एक घंटे सचिन ने बच्चों के साथ रहकर उनके साथ रस्सी खींच और व्हालीबाल खेल में अपना हुनर दिखाया। इस दौरान उनके परिवार के साथ जिले के आला अधिकारी और पुलिस महकमा मौजूद रहा। पूरे एक घंटे के इस कार्यक्रम में स्वागत, सत्कार, व्हालीबाल और रस्सी खींच शामिल रहा।

दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रो में सचिन तेन्दुलकर के एनजीओ संस्था सचिन तेन्दुलकर फाऊन्डेशन तथा मानदेशी चैम्पियन संयुक्त रूप से 50 खेल मैदान को बनाने का कार्य शुरू किया है, जिसमें 25 खेल मैदान बनकर तैयार हो चुके है। शेष 25 अभी बाकी है, जिसमें विभिन्न खेल प्रतिभाओं का आयोजन किया जाना है। इसके लिए 100 लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसी कड़ी में आज सचिन तेन्दुलकर द्वारा गीदम पनेड़ा के नवनिर्मित स्टेडियम का लोकार्पण होना था, जिसमें प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय शामिल होने वाले थे, लेकिन अपरिहार्य कारणों से वे यहां नहीं पहुंच सके।

कभी नक्सलवाद की दहशत से पहचान बनाने वाला बस्तर अब बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। जिस धरती पर कभी गोलियों की गूंज सुनाई देती थी, वहां अब खेल और विकास की आवाज बुलंद हो रही है। इस बदलते बस्तर ने भारत रत्न और क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर का भी ध्यान अपनी ओर खींचा। भारत रत्न और क्रिकेट जगत के महानायक सचिन तेंदुलकर का बुधवार को जगदलपुर आगमन हुआ है। पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का बस्तर पहुंचना सिर्फ एक दौरा नहीं, बल्कि उस परिवर्तन की तस्वीर है, जहां डर की जगह अब सपनों ने ले ली है। सचिन यहां बच्चों के खेल भविष्य को संवारने के मिशन के साथ पहुंचे। सचिन के साथ उनकी बहू सानिया चंदोक, बेटी सारा तेंदुलकर एवं सचिन फाउंडेशन के 5 सदस्य भी पहुंचे हैं।

### 5 हजार से ज्यादा बच्चों को इस अभियान से सीधा लाभ

पत्रकारों से बातचीत करते हुए सचिन तेंदुलकर ने बताया कि बस्तर में 50 स्कूल मैदानों को विकसित किया जाएगा, जहां बच्चों को बेहतर खेल सुविधाएं मिलेंगी। सचिन ने बताया कि मैदान कप प्रतियोगिता के जरिए हजारों बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा। इस पहल को मानदेशी और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन का सहयोग मिल रहा है। लगभग 5 हजार से ज्यादा बच्चों को इस अभियान से सीधा लाभ मिलेगा। कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल जैसे खेलों के जरिए बस्तर के युवाओं को नई पहचान देने की तैयारी है।

### फाउंडेशन के कार्यों का जायजा लेने आए हैं

बताया जा रहा है कि सचिन तेंदुलकर अपने फाउंडेशन के कार्यों का जायजा लेने बस्तर पहुंचे हैं। दौरे के दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की थी। उन्होंने कहा कि सचिन अपने निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होंगे और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वापस लौटने की योजना है।

### मिलकर बहुत खुश

युवा क्रिकेटर द्रोण वर्मा ने बताया कि सचिन तेंदुलकर से मिलना उनके लिए बेहद खास पल रहा। सचिन ने उनके बैट पर ऑटोग्राफ देते हुए बेस्ट विसेस लिखा और आगे भी अच्छा खेलने के लिए प्रेरित किया। द्रोण ने कहा कि वह काफी देर से उनका इंतजार कर रहे थे और मुलाकात के बाद बहुत खुश हैं। बच्चों ने भी सचिन तेंदुलकर को बस्तर मॉडर्न आर्ट भेंट कर सम्मान किया।



### बच्चों के बल्ले पर दिया ऑटोग्राफ



इस दौरान स्थानीय क्रिकेट प्रेमी बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, बच्चों ने सचिन का स्वागत किया। सचिन तेंदुलकर ने बच्चों के बल्ले पर ऑटोग्राफ भी दिया, जिसे पाकर मासूम चेहरों पर खुशी झलक उठी। यह पल बच्चों के लिए किसी सपने के सच होने जैसा बन गया। जो बस्तर कभी हिंसा की खबरों में रहता था, आज वही बस्तर खेल प्रतिभाओं की नई राजधानी बनने की ओर बढ़ रहा है। सचिन तेंदुलकर का यह दौरा साफ संदेश है कि अब बस्तर बंदूक नहीं, बल्ले और मेडल से पहचाना जाएगा।

## खबर संक्षेप

### महिला रक्षा टीम द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

**कांकेर।** कोंडे में आयोजित दो दिवसीय मेले में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को शराब सेवन से परिवार एवं समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव, यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाली जान-माल की हानि, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी, साइबर अपराध तथा महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही इन अपराधों से बचाव के उपाय एवं सावधानियों के बारे में भी बताया गया।

### जनगणना 2027: नगरीय निकायों में प्रशिक्षण शुरू

**कांकेर।** जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत नगरीय क्षेत्र के 36 प्रगणकों और 6 पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण नगर पालिका सभाकक्ष में शुरू हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस नगरीय चार्ज अधिकारी पवन कुमार मेरिया ने डिजिटल जनगणना में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के दायित्वों की जानकारी दी। प्रशिक्षण में जनगणना अधिनियम 1948 के प्रावधान, मूलभूत तकनीकी शब्दावली जैसे, मकान सूचीकरण, जनगणना भवन, परिवारों के प्रकार और स्व-गणना जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 42 विद्यानगर निवासी 73 वर्षीय अधीर विश्वास पिता स्व. जोरू विश्वास ने 21 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

## बच्चों के बीच रहे एक घंटे तेंदुलकर, रस्सी खींच और व्हालीबाल में भी दिखाया हुनर

**दंतेवाड़ा।** भारत रत्न से विभूषित मास्टर ब्लास्टर सचिन तेन्दुलकर ने बुधवार को दंतेवाड़ा जिले के ग्राम छिन्दनार पहुंचकर बच्चों में ऊर्जा का संचार भर दिया।

अपने एक दिवसीय प्रवास में लगभग एक घंटे सचिन ने बच्चों के साथ रहकर उनके साथ रस्सी खींच और व्हालीबाल खेल में अपना हुनर दिखाया। इस दौरान उनके परिवार के साथ जिले के आला अधिकारी और पुलिस महकमा मौजूद रहा। पूरे एक घंटे के इस कार्यक्रम में स्वागत, सत्कार, व्हालीबाल और रस्सी खींच शामिल रहा।

दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रो में सचिन तेन्दुलकर के एनजीओ संस्था सचिन तेन्दुलकर फाऊन्डेशन तथा मानदेशी चैम्पियन संयुक्त रूप से 50 खेल मैदान को बनाने का कार्य शुरू किया है, जिसमें 25 केल मैदान बनकर तैयार हो चुके है। शेष 25 अभी बाकी है, जिसमें विभिन्न खेल प्रतिभाओं का आयोजन किया जाना है। इसके लिए 100 लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसी कड़ी में आज सचिन तेन्दुलकर द्वारा गीदम पनेड़ा के नवनिर्मित स्टेडियम का लोकार्पण होना था, जिसमें प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय शामिल होने वाले थे, लेकिन अपरिहार्य कारणों से वे यहां नहीं पहुंच सके।



**बच्चों ने काटा सचिन के जन्मदिन का केक :** बच्चों के द्वारा सचिन तेंदुलकर के आगामी जन्म दिवस को देखते हुए अग्रिम केक काटा गया। जिसके लिए सचिन तेंदुलकर ने बच्चों को धन्यवाद दिया। ज्ञात हो कि इस दौरान पूरा कार्यक्रम स्थल ''जन्म दिवस मुबारक हो'' के नारों से गूंज उठा। इसके साथ ही कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर द्वारा तेंदुलकर को स्मृति चिन्ह के रूप में टेराकोटा शिल्प एवं छिंदनार के ग्राम वासियों द्वारा लौह शिल्प की कलाकृतियां दी गई। इसके अलावा कार्यक्रम मानदेशी फाउंडेशन द्वारा विभिन्न खेल जैसे रस्साकस्सी, बालिवाल, कबड्डी, दौड़ के विजेता प्रतिभागियों को सचिन तेंदुलकर के हाथों मोमेन्टो प्रदान किया।

इस अवसर पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि बस्तर अब नक्सल मुक्त होकर शांति और विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर प्राकृतिक सौंदर्य और संभावनाओं से भरपूर क्षेत्र है, जहां के बच्चों में अपार प्रतिभा है। सचिन एवं मानदेशी फाउंडेशन के माध्यम से बच्चों को खेलों के प्रति जो प्रेरणा मिल रही है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर बस्तर के बच्चे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। कलेक्टर ने युवाओं पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि खेल, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सभी प्रतिभागियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### शासकीय व पुराने खेल मैदानों का एनजीओ कर रही कायाकल्प

दंतेवाड़ा जिले के चार विकासखंडों में शासकीय व पुराने खेल मैदान वर्षों से संचालित है, जिसमें शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे उक्त खेल मैदान का उपयोग करते है। इन्हीं शासकीय व पुराने खेल मैदान को सचिन तेन्दुलकर फाऊन्डेशन तथा मानदेशी चैम्पियन एनजीओ संस्था द्वारा संयुक्त रूप से तैयार कर विभिन्न खेल प्रतिभाओं का आयोजन करेगी। सचिन के दोनों एनजीओ संस्थाओं ने अलग से नया खेल मैदान तैयार नहीं किया है।

### सीएम का प्रवास हो गया स्थगित

बुधवार को जिले में दो महान हस्तियों का आगमन व प्रवास होना प्रस्तावित था। इसके लिए प्रशासन ने हर संभव तैयारियां पूर्ण कर ली थी। उक्त आयोजन को लेकर पूरा अमला 10 दिनों से लगा हुआ था। उनके साथ विष्णु देव साय भी शामिल होने वाले थे। सूत्रों की माने तो आज का प्रवास सचिन तेन्दुलकर का व्यक्तिगत था, इसलिए सीएम विष्णुदेव साय का प्रवास रद्द हुआ।

## बीजापुर में प्रताड़ना से तंग आकर प्रधान अध्यापक ने की आत्महत्या




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीजापुर के पालनार में पदस्थ प्रधान अध्यापक ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने वाले प्रधान अध्यापक के पाकेट से सुसाइड नोट बरामद किया है जिसमें ठेकेदार समेत तीन लोगों को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार बताया है। मामले की जांच बीजापुर कोतवाली पुलिस कर रही है।

- सुसाइड नोट में ठेकेदार समेत तीन लोगों को बताया आत्महत्या के लिए जिम्मेदार

जानकारी के मुताबिक प्रधान अध्यापक राजू पुजारी 42 वर्ष ने स्कूल बिल्डिंग निर्माण सबंधी भुगतान के लिए लगातार बनाए जा रहे दबाव के चलते अपनी जान दे दी। आत्महत्या की खबर से बड़ी संख्या में लोग जिला अस्पताल परिसर में पहुंचकर चक्काजाम कर प्रदर्शन करते हुए दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर आगे की कार्रवाई कर रही है पुलिस ने जांच



के दौरान मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। इस नोट में मृतक राजू पुजारी ने मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की बात लिखी है और कथित रूप से कुछ लोगों के नामों का भी उल्लेख किया है। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की गहराई से जांच करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद जिला अस्पताल के सामने परिजनों और तेलंगा समाज के लोगों ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रताड़ना बंद करो, आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करो और हमें न्याय चाहिए जैसे नारे लगाते रहे। प्रदर्शन कर रहे नारायण मरकाम ने बताया कि प्रधान अध्यापक राजू पुजारी पर ⏭ शेष पेज 10 पर

## कोपागुड़ा धान संग्रहण केंद्र में आग, तत्परता से बचा लाखों क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर से लगभग 13 किलोमीटर दूर स्थित कोपागुड़ा धान संग्रहण केंद्र में बुधवार दोपहर एक बड़ी दुर्घटना होते - होते टल गई। केंद्र में करीब 4 लाख क्विंटल धान की बोरियां बड़े-बड़े स्टैक थप्पियों में रखी हुई थीं। दोपहर के समय अचानक इन

- सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही आई सामने



थप्पियों के बीच से धुआं उठता दिखाई दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए संग्रहण केंद्र के मजदूर तत्काल सक्रिय हो गए और बिना समय गंवाए स्टैक पर चढ़कर आग बुझाने में जुट गए। आगजनी की सूचना मिलते ही केंद्र प्रभारी द्वारा एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड को खबर दी गई। लगभग आधे घंटे में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। लेकिन तब तक मजदूरों की मेहनत से करीब 80 प्रतिशत आग पर काबू पाया जा चुका था। घटना के बाद पूरे केंद्र में अलर्ट की स्थिति बन गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। हालांकि केंद्र प्रभारी द्वारा नुकसान कम होने का दावा किया जा रहा है,लेकिन वास्तविक स्थिति का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। घटना ने एक बार फिर धान संग्रहण केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था की ⏭ शेष पेज 10 पर

### सुबह से दोपहर तक झुलसाती धूप, शाम ढलते ही बदला मौसम का मिजाज

# तपती दोपहर के बाद राहत की हल्की फुहार 38 डिग्री के बीच गरज-चमक संग बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अंचल में बीते 4–5 दिनों से मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। सुबह से दोपहर तक तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण लोग गर्मी से बेहाल हो रहे हैं, वहीं दोपहर बाद मौसम अचानक करवट ले रहा है और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश राहत पहुंचा रही है। बुधवार

- अगले 24 घंटों में तापमान बढ़ने के संकेत, 24 से 26 अप्रैल के बीच ग्रीष्म लहर की आशंका



को भी सुबह आसमान साफ रहा और तेज धूप के चलते भीषण गर्मी ने लोगों को परेशान किया।

दोपहर करीब साढ़े 3 बजे अचानक आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। इस बदलाव ने तपती गर्मी से जूझ रहे लोगों को कुछ हद तक राहत दी। आज अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।वर्षा के आंकड़ों पर नजर डालें तो बस्तर जिले के नानगुर में सर्वाधिक 60 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि गादीरास, ⏭ शेष पेज 10 पर

### बदलते मौसम के बीच बढ़ेगी गर्मी की चुनौती

प्रदेश में 23 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है, जिससे तापमान में और वृद्धि हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 24 से 26 अप्रैल के बीच प्रदेश के मध्य भाग में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बनने के संकेत हैं। दिन में तेज गर्मी और दोपहर बाद अचानक मौसम बदलने का यह क्रम फिलहाल जारी रह सकता है,जिससे लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। खासकर दोपहर के समय धूप से बचाव और पर्याप्त पानी का सेवन बेहद जरूरी रहेगा।


गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय :
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
Resume करें - 9977374898

खबर संक्षेप

## विशाल रक्तदान शिविर 24 अप्रैल को



**धमतरी।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की धमतरी शाखा द्वारा 24 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन पूज्य पंचायत सिंधी समाज धर्मशाला आमापारा धमतरी में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। रक्तदान के साथ-साथ ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की निःशुल्क जांच भी की जाएगी। यह आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव एवं बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित है। इच्छुक व्यक्ति मुरली अंदानी, मयूर तोतवानी, विक्की खूबचंदानी, निर्मल सार्वा, अनिल लेडवानी के पास रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## आत्मानंद स्कूल गोकुलपुर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**धमतरी।** जिले के गोकुलपुर स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नए शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कक्षा पहली से बारहवीं तक रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 10 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 5 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि रिक्त सीटों के विरुद्ध अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो चयन प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। कक्षा पहली में प्रवेश के लिए छात्रों की आयु 31 मई 2026 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच निर्धारित की गई है। वहीं कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को महतारी दुलार योजना के अंतर्गत प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा।

## उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 26 अप्रैल को छग राज्य कृषि विपणन (मंडी) अंतर्गत उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी ने बताया कि धमतरी जिले के 41 केन्द्रों में सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक यह परीक्षा आोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित होगा। अभ्यर्थियों को व्यापम द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों में समय पर पहुंचने कहा गया है।

### मयूर डोंगर के शिक्षकों ने घर–घर पहुंचकर किया 'बस्तर मुन्ने' सर्वे

# शिक्षकों ने घर–घर जाकर पूछा, शासकीय योजना का लाभ आपको मिल रहा है या नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



जिले में संचालित बस्तर मुन्ने अभियान के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर के शिक्षकों ने गांव–गांव और पारा–पारा पहुंचकर घर–घर सर्वे किया। इस दौरान ग्रामीणों से सीधे संवाद कर यह जानकारी ली गई कि उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं।

- योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने जुटा पूरा स्टाफ
- हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर की टीम बनी अभियान की अग्रणी शक्ति

सर्वे कार्य का नेतृत्व विद्यालय के प्राचार्य जमील खान ने किया। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण सक्रिय रूप से अभियान में शामिल हुए और ग्रामीणों तक पहुंचकर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन किया। सर्वे के दौरान उन परिवारों की पहचान की गई, जो अभी तक शासन की योजनाओं से वंचित हैं। ऐसे पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें शीघ्र लाभ दिलाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। यह अभियान एनसीईआर सर्वेक्षण के आधार पर संचालित हो रहा है, जिसमें "नियद नेल्लानार" के अंतर्गत 31 जनकल्याणकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना लक्ष्य है।

**28 अप्रैल तक चलेगा पंचायत स्तर पर सर्वे –**

जिले में 21 अप्रैल से 28 अप्रैल तक ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इसके पश्चात संतृप्तता शिविरों के माध्यम से चिन्हित हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस अभियान में प्राचार्य जमील खान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, मुकेश सैमसन, श्रीमती रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, धार्मिन सेवता, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार, उमाकांत दीवान, राजूराम मरकाम, तुलेश्वर नाग, चंद्ररेखा ध्रुव, भारत देवांगन सहित विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ शामिल रहा। शिक्षकों की यह सक्रिय भागीदारी ग्रामीण विकास और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**बस्तर मुन्ने का उद्देश्य, हर पात्र को मिले योजना का लाभ –**

गोंडी भाषा में बस्तर मुन्ने का अर्थ अग्रणी बस्तर है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के हर पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और समग्र विकास को गति देना है। मयूर डोंगर के शिक्षकों का यह प्रयास न केवल शिक्षा तक सीमित है, बल्कि समाज सेवा और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का प्रेरणादायक उदाहरण भी बन गया है।

# नेशनल लोक अदालत की तैयारी तेज, समन्वय की बैठक की गई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खिलावन राम रिंगरी की अध्यक्षता में मध्यस्थता केन्द्र कोंडागांव में समन्वय बैठक आयोजित की गई।

- 9 मई को होने वाली लोक अदालत को लेकर रणनीति तैयार

बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय सहित अन्य न्यायिक अधिकारी एवं अधिवक्ता शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन के साथ अधिकतम मामलों का आपसी सहमति से निपटारा सुनिश्चित करना रहा। बैठक में लंबित प्रकरणों की छंटनी, पक्षकारों की सहमति प्राप्त करने और सुलह–समझौते के माध्यम से मामलों के समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिवक्ताओं को अपने–अपने मामलों के त्वरित समाधान के लिए प्रयास करने और पक्षकारों को समझौते के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।

**सरल और सुलभ न्याय पर फोकस** – लोक अदालत के माध्यम से न्याय प्रक्रिया को सरल, सुलभ और कम खर्चीला बनाकर अधिक से अधिक लोगों को राहत देने का लक्ष्य रखा गया।

# जल संरक्षण और रोजगार सृजन पर जिला पंचायत सीईओ ने दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई की अध्यक्षता में मनरेगा कार्यों की समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत तालाब गहरीकरण, नए तालाब निर्माण, सोक पिट, रिचार्ज पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, डबरी एवं कुआं निर्माण जैसे कार्योंर् को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने निर्देशित किया कि मानसून से पहले सभी जल संरचनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि अधिकतम जल संचयन सुनिश्चित हो सके।

- मनरेगा कार्यों की समीक्षा बैठक
- लापरवाही पर की जाएगी कार्रवाई

समीक्षा में कुछ पंचायतों में पुराने कार्य लंबित पाए गए, जिस पर अधिकारियों को 30 मई से पहले सभी अधूरे कार्य पूर्ण कर कम्प्लीशन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण क्षेत्रें में पलायन रोकने के लिए अधिक से अधिक श्रमिकों को मनरेगा से जोड़ने और रोजगार उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। इसके लिए घर–घर सर्वे और जॉब कार्ड धारकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

**ई–केवायसी और जियो टैगिंग पर जोर –**

जिले में 95 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों का ई–केवायसी पूर्ण हो चुका है, जिसे 100 प्रतिशत तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। साथ ही पूर्ण कार्यों की जियो टैगिंग सुनिश्चित करने को भी कहा गया। सीईओ ने स्पष्ट किया कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक एवं सहायक प्रोग्रामर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में खास दिन का आयोजन

# सीईओ जिपं ने अपने बच्चों के जन्मदिन पर विद्यार्थियों के साथ किया नेवता भोज

**प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत पहल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, कोंडागांव में प्रधानमंत्री पोषण योजना अंतर्गत नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने अपने बच्चों के जन्मदिन के अवसर पर यह विशेष आयोजन कराया। सीईओ को अपने बीच पाकर विद्यालय के बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी की और आत्मीय संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।



**अधिकारी व शिक्षक रहे उपस्थित –**

कार्यक्रम में डीएमसी ईमल बघेल, एपीसी श्रीनिवास नायडू, तुकेश शांडिल्य, बीआरपी अशोक साहू, अधीक्षिका हेमवती नेताम सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# कोपाबेडा में स्थित आम बाग की 1.61 लाख की सर्वाधिक बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगगांव

कोंडागांव अंतर्गत शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा में आम फल बाग की नीलामी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह नीलामी बुधवार दोपहर 12 बजे आयोजित की गई, जिसमें कुल 6 बोलीदाताओं ने भाग लिया।

नीलामी में प्रारंभिक शासकीय बोली 1 लाख 51 हजार रुपये निर्धारित की गई थी, जबकि सर्वाधिक बोली 1 लाख 61 हजार रुपये रही। यह उच्चतम बोली नरेंद्र सिंह राठौर, निवासी मरारपारा (कोंडागांव) द्वारा लगाई गई।जिसके चलते आम फल बाग का ठेका उन्हें प्रदान किया गया। नीलामी प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष के रूप में उप संचालक कृषि कैलाशनाथ मरकाम उपस्थित रहे। वहीं सचिव की भूमिका उद्यान अधीक्षक लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव ने निभाई। इसके अलावा समिति के सदस्य संकेतन कुमार पाण्डा,आर.डी. कडियम,बैसाखु राम बघेल,खेदूराम कोर्राम,हिमांचल नेताम मौजूद रहे।



उद्यान में इस वर्ष दशहरी, लंगड़ा, बंबइया, बैंगनपल्ली, चौसा, बासंतेलो, सिंदूरी, तोतापरी, मल्लिका सहित अचार हेतु उपयुक्त आम, पायरी, सफेदा आदि किस्मों में अच्छी फलन होने की जानकारी दी गई है।

# 65 करोड़ से बढ़ेगी गंगरेल बांध की उम्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रदेश के बड़े बांधों में एक गंगरेल बांध यानी रविशंकर सागर जलाशय की उम्र बढ़ाने के लिए राज्य शासन द्वारा 65.5 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि से बांध में इपोक्सी ग्राउटिंग और फ्लेक्सीबल साफ्ट हाईप्रेशर वाटर जेट से चोक हुए वर्टिकल प्रेशर ड्रेन की सफाई सहित कई कार्य किए जाएंगे।

- डैम सेफ्टी पर फोकस : मरम्मत कार्यों को मिली हरी झंडी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वर्षा ऋतु के पूर्व सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करते हुए कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने टेंडर प्रक्रिया को त्वरित गति से पूर्ण करने तथा कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1978 में निर्मित यह



बहुउद्देशीय जलाशय लगभग 45 वर्षों से क्षेत्र की जीवनरेखा बना हुआ है। यह जलाशय हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई के साथ-साथ धमतरी एवं आसपास के क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, औद्योगिक उपयोग तथा 11.2 मेगावाट विद्युत उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

**रिसाव में आएगी कमी**

विशेषज्ञों के अनुसार समय के साथ बांधों में सीपेज होना स्वाभाविक है। यह लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसे नियंत्रित करने के लिए उन्नत तकनीकों के साथ नियमित रखरखाव अत्यंत आवश्यक होता है।

**गुणवत्ता के साथ होगा काम**

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि रविशंकर सागर जलाशय जिले ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जीवनरेखा है। इसकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वीकृत कार्यों के माध्यम से बांध की संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित की जाएगी और सीपेज की समस्या का वैज्ञानिक समाधान किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन करते हुए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें, ताकि वर्षा ऋतु में जोखिम उठाना न पड़े।

# कोनगुड़ शिविर में 29 श्रमिकों का पंजीयन




**फरसगांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिला कोण्डागांव में निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों के पंजीयन, नवीनीकरण तथा विभागीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फरसगांव विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनगुड़ में मोबाइल पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला कोण्डागांव द्वारा किया गया, जिसमें कुल 29 श्रमिकों का पंजीयन किया गया। वहीं 2 नवीनीकरण किया गया। इस अवसर पर श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

# सिवनीकला सोसाइटी प्रबंधक के खिलाफ किसानों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सिवनीकला सोसाइटी में धान बेचने पहुंचे एक किसान की बिजली करंट से मौत के मामले में गोबरा के किसानों में आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे ग्राम गोबरा के किसान खूबलाल साहू, किशोर सेन, भागवत राम, पुनाराम साहू, रूपेन्द्र, गैंदराम, दुर्गेश, खिलेन्द्र आदि ने कलेक्टर के नाम शिकायत आवेदन सौंपा है। किसानों ने आवेदन में कहा है कि वे ग्राम पंचायत गोबरा के निवासी हैं। घटना 19 नवम्बर 2025 की है। सिवनीकला सोसाइटी में किसान भोजराज साहू धान बेचने गया था जहां व्यवस्थापक की लापरवाही के कारण भोजराज की 11 केव्ही विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। जिसकी जांच 20 अप्रैल को सभी किसानों के समक्ष कर पंचनामा किया गया। जांच में सोसाइटी प्रबंधक ओमप्रकाश साहू ने पीड़ित को तात्कालिक सहायता उपलब्ध नहीं कराई एवं मानवता को शर्मसार करते हुए आज तक पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गलती स्वीकार करते हुए संवेदना व्यक्त करना जरूरी नहीं समझा। किसानों ने शिकायत आवेदन में कहा है कि जांच पंचनामा के एक माह बाद भी सोसाइटी प्रबंधक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लापरवाह प्रबंधक को पद से बर्खास्त करने की मांग करते हुए किसानों ने कहा कि शिकायत के बाद भी प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है तो किसान उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे जिनकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।



**स्कूल, आंगनबाड़ी, उपस्वास्थ्य केन्द्र की मांग**

ग्राम पंचायत गोबरा, भालूकोना सरपंच मतिबाई ने कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा है कि शासकीय प्राथमिक शाला भवन अत्यंत जर्जर है। बच्चों का अध्यापन अन्य स्थान पर कर रहे हैं। इसी तरह आंगनबाड़ी क्रमांक-1 और 2 भी जर्जर हो चुकी है। यहां के बच्चों को शीतला मंदिर में पढ़ाया जा रहा है। गांव में स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के लिए उपस्वास्थ्य केन्द्र की आवश्यकता है। सरपंच ने प्राथमिक शाला भवन, आंगनबाड़ी भवन तथा उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण की मांग कलेक्टर से की है।

## पेज 9 के शेष

### बीजापुर में प्रताड़ना से...

स्कूल भवन निर्माण सबंधी भुगतान को लेकर लगातार दबाव डाला जा रहा था जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया है। वहीं आदि नारायण पुजारी ने बताया कि ठेकेदार, इंजीनियर व विभागीय लोग मृतक राजू पुजारी को अधूरे काम का पूरा भुगतान करने के लिए दबाव देते थे और मृतक को आफिस बुलाकर भी डराया धमकाया जाता था।

**बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने किया प्रदर्शन :** घटना के बाद जिला अस्पताल के सामने चक्काजाम कर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि अधूरे काम का पूरा भुगतान करने के लिए मृतक को प्रताड़ति किया जाता था। प्रदर्शनकारी अपने हाथों में तख्ती लिए हुए थे जिसमें कर्मचारियों को प्रताड़ति करना बंद करो के अलावा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करो और हमें न्याय चाहिए जैसे नारे लगाते रहे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई नहीं किया जाएगा तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

**पुलिस को मिले सुसाइड नोट में इनका नाम :** मृतक के पास से पुलिस ने सुसाईड नोट भी बरामद किया है जिसमें ठेकेदार देवआशीष मण्डल, शैलेष वासम व डोंगरे का नाम लिखा हुआ है जिन्हें मौत का जिम्मेदार बताते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं परिवार की जिम्मेदारी भी उन्हें उठाने कहा गया है। मामले में कोतवाली थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा ने बताया कि पुलिस इस मामले की हर पहलू से निष्पक्ष और सूक्ष्म जांच कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और सुसाइड नोट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कोपागुड़ा धान संग्रहण केंद्र...

पोल खोल दी है। बारिश से बचाव के लिए तो धान को कवर किया गया है, ललेकिन आग से सुरक्षा के कोई ठोस इंतजाम नजर नहीं आए,जो भविष्य में बड़े खतरे का संकेत है।

**मजदूरों की तत्परता से टला करोड़ों का नुकसान :** कोपागुड़ा धान संग्रहण केंद्र में भारी मात्रा में धान का भंडारण किया गया है, जहां सुरक्षा के नाम पर केवल बारिश से बचाव के लिए कवर लगाए गए हैं। आगजनी जैसी गंभीर घटनाओं से निपटने के लिए किसी प्रकार के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे। बुधवार को जब अचानक धान की थप्पियों के बीच आग लगी, तब मौके पर मौजूद मजदूरों ने बिना किसी संसाधन के तत्काल पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की और काफी हद तक सफल भी रहे। यदि समय रहते यह प्रयास नहीं किया जाता, तो करोड़ों रुपये के नुकसान से इंकार नहीं किया जा सकता था। यह घटना स्पष्ट करती है कि सुरक्षा के अभाव में ऐसे केंद्र कभी भी बड़े हादसे का शिकार हो सकते हैं।

### तपती दोपहर के बाद राहत...

दरभा,जगदलपुर और सुकमा में लगभग 10 मिमी वर्षा दर्ज हुई। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में प्रदेश के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है, लेकिन अगले 24 घंटों में तापमान में 2 से 3 डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना जताई गई है। इसके बाद आगामी 3 दिनों तक तापमान में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है, हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा जारी रह सकती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार वायुमंडल में बनी द्रोणिका मराठवाड़ा से कोमोरिन क्षेत्र तक लगभग 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके साथ ही अंदरूनी महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर कर्नाटक के ऊपर 3.1 से 5.8 किमी ऊंचाई तक एक प्रति चक्रवात सक्रिय है, जिसका असर प्रदेश के मौसम पर पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह मुक्त घोषित करने पंचायतों को लक्ष्य

**बीजापुर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जिला बीजापुर की 19 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है। यह अभियान मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य वर्ष 2028-29 तक पूरे राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाना है।

शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले की 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी दिशा में चयनित 19 ग्राम पंचायतों ने पिछले दो वर्षों में बाल विवाह की कोई घटना न होने की पुष्टि की है। ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव द्वारा जारी प्रमाण पत्र के आधार पर इन पंचायतों को 'बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है। घोषित ग्राम पंचायतें-पालागुड़ा, एरमनार, धनोरा, ईटपाल, मोरमेड, पापनपाल, दुगोली, चेरपाल, लिंगापुर, गोटाईगुड़ा, रुद्रारम, अटुकपल्ली, मंगापेटा, तालनार, मिरतुर, बड़ेतुंगाली, मंगलनार, मंडेम, उसकापटनम शामिल है।

### कलेक्टर ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ किया संवाद

**बीजापुर।** नक्सल-मुक्त बीजापुर को विकास की नई राह पर अग्रसर करने के उद्देश्य से कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने पर सार्थक चर्चा हुई। चार दशकों की चुनौती के बाद नया अवसर-बीजापुर जिला पिछले चार दशकों से माओवाद प्रभावित क्षेत्र रहा है, जिसके कारण शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन चुनौतीपूर्ण रहा। अब नक्सल-मुक्त स्थिति बनने के बाद जिले के समग्र विकास के लिए सामुदायिक सहभागिता को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मीडिया की भूमिका पर हुई विस्तृत चर्चा- बैठक में मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में रिपोर्टिंग के दौरान किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और वर्तमान में स्थितियां कैसे बदल रही हैं।

# 9.60 लाख रुपए की नशीली कैप्सूल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

## गंगामुण्डा चौपाटी में ग्राहक का कर रहे थे इंतजार तभी पुलिस ने दबोचा

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने नशे के दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पंचर दुकान की आड़ में नशे का कारोबार किया करते थे जिन पर पुलिस की काफी समय से नजर थी। आरोपियों के कब्जे से लाखों रूपए का नशीली कैप्सूल बरामद किया गया है।

नशीली दवा बेचे जाने की सूचना पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

बोधघाट पुलिस को सूचना मिली थी की मंगलवार शाम गंगामुण्डा तालाब किनारे स्थित चौपाटी में दो



### इनकी रही भूमिका

बोधघाट पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी पंचर दुकान की आड़ में नशीली दवा का कारोबार किया करते थे। आरोपियों की गिरफ्तार कर त्वरित कार्रवाई करते में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, पवन श्रीवास्तव, आरक्षक युवराज ठाकुर, कामदेव दर्रो, मानकू कोर्राम, विजय तिर्की, अवतार पटेल, थानेंद्र सिन्हा, होरीलाल आर्यो, विपिन मिंज तथा राम ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

व्यक्ति अपने बैग में प्रतिबंधित अवैध नशीली रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे है। सूचना पर कार्रवाई के लिए टीम तत्काल गंगामुंडा तालाब किनारे चौपाटी में जाकर रेड कार्यवाही करते हुए दो संदेहियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम राजेश यादव 50 वर्ष निवासी तेतरखूंटी व मोनू गुप्ता 26 वर्ष निवासी गांधीनगर वार्ड का रहने वाला बताया।

दोनों के बैग की तलाशी लेने पर बैग में रखा अवैध प्रतिबंधित नशीली केप्सूल 100 स्ट्रीप 300 पत्ता कुल 2,400 नग बरामद कर जब्त किया गया। जब्त नशीली केप्सूल की अनुमानित कीमत 9 लाख 60 हजार रूपए आंकी गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

## प्रशिक्षण से लैम्प्स प्रबंधक होगा सशक्त, सहकार से समृद्धि अभियान को मिलेगी रफ्तार

# प्रशिक्षित स्टाफ से अंतिम छोर तक पहुंचेगी सेवाओं की रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बस्तर अंचल में कार्यरत

- सहकारिता को मिलेगा नया बल,गांव-गांव तक योजनाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित

लैम्प्स संस्थाओं के प्रबंधकों और अधिकारियों के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम व्यवहारिक ज्ञान और दक्षता बढ़ाने का प्रभावी मंच साबित हो रहा है।

इस प्रशिक्षण के माध्यम से लैम्प्स संस्थाओं को आधुनिक तकनीक, प्रबंधन कौशल और सहकारी सिद्धांतों की गहन समझ प्रदान की जा रही है,जिससे वे ग्रामीण स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अहम




भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में पैक्स कम्प्यूटरीकरण, सहकारी लेखांकन तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर प्रतिभागियों को व्यावहारिक रूप से सक्षम बनाया जा रहा है।

प्रशिक्षण सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा सहकारिता के मूल सिद्धांत, इसकी प्रासंगिकता और भारत सरकार की योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इससे यह उम्मीद जताई जा रही है कि प्रशिक्षण प्राप्त स्टाफ गांव-गांव में सहकारिता की पहुंच को और अधिक सुदृढ़ करेंगे तथा अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में सफल होंगे।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने कहा कि प्रशिक्षित स्टाफ के माध्यम से सेवाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित होगी। संभाग के संयुक्त आयुक्त सहकारिता विनोद कुमार बुनकर ने सहकारिता को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान लैम्प्स प्रबंधक-मुख्य पर्यवेक्षक एसएस राज,तकनीकी अधिकारी आरिफ खान एवं सामान्य सहायक हितेश जैन ने पैक्स कम्प्यूटरीकरण एवं सहकारी लेखांकन पर मार्गदर्शन दिया। सत्र समन्वयक विवेकानंद झा,सहायक सत्र समन्वयक विवेक पांडे एवं मिथुन पाणिग्राही द्वारा सहकारिता के सिद्धांतों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विपणन अधिकारी एसके कन्नौजिया,मनोज सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण से बदलेगा सहकारिता का परिदृश्य

दो दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए लैम्प्स संस्थाओं के प्रबंधकों को तकनीकी दक्षता, पारदर्शी लेखांकन और योजनाओं के प्रभावी संचालन की विस्तृत जानकारी दी जा रही है, जिससे वे ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें। यह पहल सहकारिता को केवल संस्था तक सीमित न रखकर जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो "सहकार से समृद्धि" के लक्ष्य को साकार करने में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# 2026 का दूसरा नेशनल लोक अदालत 9 मई को




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जगदलपुर के अध्यक्ष

- अदालत पर न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं व बीमा कम्पनी अधिकारी के साथ हुई बैठक

गोंविद नारायण जांगड़े और व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला प्राधिकरण के सचिव कु. अंकिता कश्यप द्वारा बुधवार को जिला न्यायालय परिसर के मध्यस्थता कक्ष में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, पदाधिकारियों, अन्य अधिवक्तागणों के साथ बैठक आयोजित किया गया। वर्ष 2026 का द्वितीय नेशनल लोक अदालत 9 मई को आयोजित होगा, इस संबंध में चर्चा करते हुए समस्त न्यायालयों में लंबित आपराधिक, व्यवहार वाद, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, बीमा एवं धारा 138 निई एक्ट से संबंधित प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने हेतु प्रकरणों से संबंधित पक्षकारों के मध्य आपसी राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु प्री-सिटिंग किये जाने एवं नेशनल लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को लोक अदालत की महत्ता बताते हुए उन्हें अपने प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकृत किए जाने हेतु प्रोत्साहित करने का आग्रह किया गया। नेशनल लोक अदालत में अपना सहयोग एवं सहभागिता देते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत कराने हेतु प्रेरित भी किया गया।

# प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी लोकतंत्र की मर्यादा पर आघात : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग केवल व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं,

- राजनीतिक संवाद में गिरावट पर भाजपा का हमला, कांग्रेस पर हताशा में भाषा बिगाड़ने का आरोप

बल्कि देश के सर्वोच्च पद की गरिमा पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने कई अहम क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, विशेष रूप से कश्मीर में शांति और विकास का नया दौर शुरू हुआ है, वहीं आतंकवाद और नक्सलवाद पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है।

उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री के लिए कथित रूप से इस्तेमाल किए गए शब्दों की कड़ी निंदा करते हुए इसे राजनीतिक मर्यादा का खुला उल्लंघन बताया। देव ने कहा कि यह आलोचना नहीं, बल्कि कांग्रेस की हताशा और राजनीतिक दिवालियापन का प्रतीक है। जब कांग्रेस विकास, तथ्यों और जनहित के मुद्दों पर जवाब देने में असफल



होती है, तब वह इस प्रकार की अमर्यादित भाषा का सहारा लेती है, जो न तो स्वस्थ लोकतंत्र के अनुरूप है और न ही जिम्मेदार विपक्ष की पहचान।

देव ने आगे कहा कि इस तरह के बयान न केवल प्रधानमंत्री पद का अपमान हैं, बल्कि उन करोड़ों मतदाताओं के जनादेश का भी अनादर हैं,जिन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपना नेतृत्व चुना है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व,विशेषकर राहुल गांधी से अपील की कि वे राजनीतिक संवाद में मर्यादा बनाए रखें और देश की जनता से इस मामले में सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन भाषा की गरिमा और संवैधानिक पदों का सम्मान हर स्थिति में बनाए रखना आवश्यक है।

देव ने स्पष्ट किया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में आलोचना का अधिकार सभी को है, लेकिन उसकी अभिव्यक्ति संयमित और तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद के प्रति सम्मान केवल राजनीतिक शिष्टाचार नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति की मूल आत्मा है। भाजपा इस मुद्दे को जनभावनाओं से जोड़ते हुए कांग्रेस पर नैतिक दबाव बनाने की रणनीति पर काम कर रही है,वहीं कांग्रेस के सामने अब अपनी प्रतिक्रिया और रुख स्पष्ट करने की चुनौती खड़ी हो गई है।




# विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, वन मंडल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र द्वारा केंद्रीय विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, वन परिक्षेत्र अधिकारी दीक्षा बर्मन, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस वर्ष की थीम 'हमारी शक्ति-हमारा ग्रह' पर आधारित अभिभाषण दिया गया, जिसमें व्यक्तिगत और सामुदायिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों और नागरिकों से पृथ्वी को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। साथ ही वृक्षारोपण, आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई, टिकाऊ उत्पादों को अपनाने तथा ऊर्जा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। यह आयोजन वनमंडल अधिकारी रमेश जांगड़े एवं उप वनमंडलाधिकारी देवेंद्र गोंड के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ाना रहा।

## आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** भारत रत्न और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मशहूर क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बस्तर आगमन पर मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, एसडीएम ऋषिकेश तिवारी एवं विपिन दुबे सहित अन्य अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया।



# भाजयुमो का कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन व पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महिला आरक्षण को लेकर राजनीतिक माहौल गर्माते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी और उसके शीर्ष

- पीजी कॉलेज के सामने जोरदार प्रदर्शन,नारीशक्ति वंदन अधिनियम के विरोध को लेकर आक्रोश

नेताओं के खिलाफ तीखा विरोध प्रदर्शन किया। धरमपुरा स्थित पीजी कॉलेज के सामने भाजयुमो और भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे एवं दीपक बैज के पुतलों का दहन किया।



प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने तख्तियां और बैनर लेकर कांग्रेस के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। पूरे क्षेत्र में नारेबाजी के बीच माहौल राजनीतिक रूप से काफी गर्म नजर आया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि कांग्रेस ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया है, जिससे लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में देखा और उनके सशक्तिकरण में बाधा उत्पन्न की।

भाजयुमो और भाजपा नेताओं ने यह भी कहा कि पिछले वर्षों में महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं, जिससे वे शिक्षा, चिकित्सा और रक्षा जैसे क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। इसके विपरीत, विपक्षी दल महिलाओं की प्रगति को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा और वे इस मुद्दे पर जनता के बीच जागरूकता फैलाते रहेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष ललिता बघेल, जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्राही, जिला मंत्री नरसिंह राव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, ममता राणा, भाजपा पश्चिम मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष तोकापाल रितेश जोशी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिलाष यादव, रामप्रसाद मौर्य, प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी आनंद झा, शशिनाथ पाठक, अतुल सिम्हा, दिगम्बर राव, संतोष बाजपेयी, योगेश शुक्ला, बिजली बैद्य, माधवी मण्डल, दिलीप झा, मंगतू कश्यप, भरत कश्यप, जीवनाथ मौर्य, राजा यादव, परमेश राजा, आशा साहू, त्रिवेणी रन्धारी, गायत्री बघेल, रेखा सिंह, उर्मिला यादव, अनिल लुंकड़, विनय सोना, बन्दू पांडे, रौशन झा, रोहन घोष, बीबी चंदा बानो, लक्ष्मी घरात, पुष्पा मिश्रा, संगीता महाराणा, सविता साहनी, सुमित्रा पोद्दार, अनिता मल्लिक, शेफाली मजुमदार, तेजस्विता घोष, अनिता भारत, सुमित्रा विश्वास,राधा वरदे, रंगबती कश्यप, परमजीत कौर, मधुमिता कश्यप, ललक्ष्मी कश्यप, नीलम यादव, जुबैदा बेगम, जमीला बेगम, पद्मिनी बघेल, नसीमा बेगम, कनीज फातिमा, निर्मला, कुरैशी बेगम, तुलसी कश्यप, संध्या डोंगरे, विभा शाह, मधु अजीज खान, मोहम्मद इमरान खान, राजपाल कसेर, रूपेश समरथ, अलका सेंगर, किरण सेन, उमेश यादव,प्रेम यादव, अमित कपूर, अमित रामेटेके, मणिविक्रम नायडू, अनिमेष चौहान, राज पाण्डे, विक्रम सिंह ठाकुर, दिलीप सुंदरानी, भूपेंद्र सिंह ठाकुर,रमेश नायडू,सुरेश मिश्रा,राहुल सोनी,गुलाम मुस्तफा खान, मयंक दीवान, भरत बाबू, आत्माराम जोशी, अजय सेठिया,अनिता पटेल, रितेश झा, विनय राजू, बृजेश कपूर,गुलशन लाल,विक्की राव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411